प्रधानमंत्री के 75 वे जन्मदिवस पर विशेष पूजा-अर्चना और यज्ञ

▶ विधायक संजय पाठक द्वारा की गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु एवं देश के समृद्धि की कामना

नवभारत, विजयराघवगढ़। संकट मोचन मंदिर परिसर में विधायक संजय पाठक एवं कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु जीवन एवं विश्व कल्याणार्थ आशीर्वाद प्राप्त हेतु संस्कृत विद्यालय के आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार साथ ही विधिवत पूजन, अनुष्ठान व हवन कुंड में आहुति दी गई। सुबह 11 बजे से आयोजित शतचंडी पाठ,आयुष्मान यज्ञ में 101 ब्राह्मणों ने जप किया गया यज्ञ बेदी में यज्ञाचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के माध्यम से शाक्लय से हवन कराया गया इस दौरान क्षेत्रीय विधायक पाठक, विधानसभा के सभी मंडलों के मण्डल अध्यक्षों सहित कार्यकर्ताओं ने भी यज्ञ में आहूति दी पूर्णाहूति आरती के पश्चात प्रसाद,भंडारे का भी आयोजन हुआ जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस विषय में विधायक ने बताया कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2014 से देश की बागडोर संभालने के बाद से उनके नेतृत्व में भारत को एक नई पहचान मिली है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर मां भारती का नाम गुंजायमान हुआ है और भारत विश्वगुरू की ओर अग्रसर है। उनके नेतृत्व में हर सेक्टर में विकास के कार्य हुए हैं बच्चों,महिलाओं, युवाओं से किसानों तक हर भारतीय उनकी योजनाओं का फायदा ले रहा है। अनवरत देश सेवा में कार्य करने वाले प्रधानमंत्री जन्मदिन सभी कार्यकर्ता सेवा दिवस के रूप में मानते हैं।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक हम सभी कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा मनाएंगे इसके तहत रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम, प्रदर्शनी, लगाई जाएगी। मंदिर में आयोजित आयुष्मान यज्ञ, शतचंडी पाठ के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी दुबे, पलक ग्रोवर, वसुधा मिश्रा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष शांति यादव, उदयराज सिंह चौहान, रंगलाल पटेल,मंडल अध्यक्ष श्रीराम सोनी, प्रमोद सोनी, भवानी मिश्रा, जगदीश गुप्ता, विवेक सिंह बघेल, अरुण कुमार पटेल, मनोज तिवारी, मनीष देव मिश्रा, अरविन्द बड़गैया, पप्पू शर्मा, संतोष केवट, हरिओम बर्मन,राकेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

भाजयुमो द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर को सराहा

▶ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन, जलाए 75 दीपक, बांटी मिठाई

नवभारत,कटनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर खजुराहो के सांसद वी.डी. शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी कटनी जिला भाजपा कार्यालय में विशेष आयोजन के साथ प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं दीं। उनके दीर्घायु होने की कामना की। शर्मा ने प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित छाया चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर सांसद वीडी शर्मा 75 बलून उड़ाकर और 75 दीप जलाकर प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिवस का प्रतीकात्मक रूप से स्वागत किया गया। सांसद शर्मा ने वरिष्ठ भाजपा नेताओं को मिष्ठान्न खिलाकर और उनका सम्मान कर संगठनात्मक एकता का संदेश दिया।

विशेष प्रदर्शनी का भी आयोजन

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन, कार्यशैली और उपलब्धियों पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। शर्मा ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक जीवन से जुड़ी झलकियों को नजदीक से देखा और सराहा। इस आयोजन में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ, सफल और दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर भी प्रकाश डाला गया। इसके पूर्व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने जिला चिकित्सालय में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर युवाओं के जज्बे की प्रशंसा करते हुए कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री जी का सम्पूर्ण जीवन देशवासियों तथा मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, शशांक श्रीवास्तव, अलका जैन, पीतांबर टोपनानी, रामचंद्र तिवारी, चमनलाल आनंद, डीडी बैनर्जी, सुनील उपाध्याय, सुरेश सोनी, रवि खरे, मृदुल द्विवेदी, रणवीर कर्ण, अंकिता तिवारी, अम्बरीष वर्मा, आशीष गुप्ता बाबा, सीमा जैन, यज्ञदत्त मिश्रा, रामू साहू, संजू गर्ग आदि भाजपाजन उपस्थित थे।

नशीली दवाओं के विक्रय को रोकने औषधि निरीक्षकों ने मेडिकल स्टोर्स की जांच की

नवभारत, कटनी। जिले में नशे के रूप में दुरूपयोग होने वाली दवाइयों के क्रय-विक्रय को रोकने के उद्देश?य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध?यप्रदेश के औषधि नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य के निर्देश पर उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन कटनी डॉ. राज सिंह ठाकुर के नेतृत्व में औषधि निरीक्षकों द्वारा जिले की मेडिकल स?टोर्स की जांच कर निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में लगातार दूसरे दिन भी औषधि निरीक्षक किरण कुमार मगरे, मनीषा धुर्वे एवं प्रवीण कुमार पटेल के जांच दल द्वारा मेडिकल स?टोर्स की जांच की गई।निरीक्षक दल ने बहोरीबंद में पंकज मेडिकल स्टोर्स एवं आजाद मेडिकल स्टोर्स, कुआं में ओम मेडिकल स्टोर्स एवं गुप्ता मेडिकल स्टोर्स, सिलौंडी में शिवम मेडिकल स्टोर्स, सचिन मेडिकल स्टोर्स, श्रीराम मेडिकल स्टोर्स, न्यू अजय मेडिकल स्टोर्स एवं स्लिमनाबाद स्थित विनायक मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स, सागर मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स, मनोज मेडिकल स्टोर्स एवं जैन मेडिकल स्टोर्स की जांच की।

एक नजर में

कांग्रेस जिलाध्यक्ष व एसडीएम ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया

नवभारत,बहोरीबंद। विकासखण्ड मुख्यालय में आज रघुनाथ शाह एवं शंकर शाह के बलिदान दिवस समारोह मनाया जाएगा।इस समारोह में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुंवर सौरभ सिंह ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही आयोजन समिति के राकेश पटेल तथा अन्य पदाधिकारियों से चर्चा कर आयोजन स्थल पर लोगों के बैठने तथा पेयजल व्यवस्था बनाए रखने सहित समुचित व्यवस्था बनाए रखने की बात कही। वहीं इस दौरान एसडीएम राकेश चौरसिया भी पहुंचे और कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम के मद्देनजर आयोजन स्थल पर आवाश्यक व्यवस्था बनाए रखने के पर विशेष जोर दिया।

स्वच्छता पखवाड़ा हुआ प्रारंभ, प्रतिदिन चलेगा अभियान

नवभारत, कटनी। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ रीठी जनपद पंचायत कार्यालय में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के साथ किया गया। जिसमें सभी विभाग प्रमुखों सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशा कार्यकर्ता शामिल हुईं। जनपद पंचायत कार्यालय रीठी के मांगलिक भवन में कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आयोजित कार्यशाला में अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया।

बजरंग दल ने तहसीलदार व थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

नवभारत, उमरियापान। शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से प्रारंभ होने जा रही है उस संदर्भ में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड उमरियापान के कार्यकर्ताओं द्वारा नायब तहसीलदार साक्षी शुक्ला व थाना प्रभारी दिनेश तिवारी को ज्ञापन सौंपा है। कार्यकर्ताओं ने मांग कि है कि नगर में किसी भी प्रकार की मांसाहारी दुकान, मुर्गा, मछली, मटन, अंडा, इन सभी की दुकान नवरात्रि में नौ दिनों तक पूर्णतः बंद रहेगी।

ज्ञापन में उल्लेख है कि नगर में किसी भी प्रकार की मांस दुकान अगर नवरात्रि में संचालित करता है तो बजरंग दल अपने स्तर पर कार्रवाई करेगा। देवी पंडालों, गरबा उत्सव में वेधर्मी एवं संदिग्ध तत्वों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए। आयोजनों में अश्लील एवं फिल्मी गीतों का प्रयोग निषिद्ध हो, केवल पारंपरिक एवं भक्ति संगीत का उपयोग किया जाए। देवी पंडालों में पुरुष व महिलाएं मर्यादित वस्त्र पहनकर ही प्रवेश करें। ज्ञापन सौंपते वक्त प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, मंत्री अरविंद गुप्ता, संयोजक कान्हा सोनी, गोलू सोनी, धीरज दहिया, अतुल असाटी, अमित दहिया, ललित काछी,राहुल असाटी, शनि दहिया,अभिषेक यादव, अर्जुन चक्रवर्ती, राज चौरसिया, हरिओम चौरसिया, संगम रजक, धीरज सोनी, शनि दहिया आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

बड़ा हादसा टला, तहसीलदार की गाड़ी से बालक घायल

नवभारत, कटनी। बरही रेस्ट हाउस मार्ग पर बुधवार को बड़ा हादसा टल गया। तहसीलदार के सरकारी वाहन की चपेट में आने से बड़ागांव निवासी एक बालक घायल हो गया। बालक ऑटो में बैठा था, अचानक बाहर निकलने पर वाहन की ठोकर लग गई। घटना के बाद तहसीलदार ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए घायल बालक को तुरंत अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया और उपचार कराया। प्राथमिक इलाज के बाद बच्चे को सुरक्षित उसके घर तक सरकारी वाहन से छोड़ा गया। ग्रामीणों ने कहा कि तहसीलदार का त्वरित कदम सराहनीय है, अन्यथा लापरवाही की स्थिति में यह हादसा गंभीर रूप ले सकता था।

ऑटो चालकों के बीच मनाई विश्वकर्मा जयंती

नवभारत, कटनी। राष्ट्रीय श्रम दिवस एवं भगवान विश्वकर्मा जयंती के कार्यक्रम का आयोजन, भारतीय मज़दूर संघ के द्वारा कटनी रेलवे जंक्शन के परिसर में ऑटो चालकों के बीच मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन बीएमएस से संबद्ध ऑटो रिक्शा चालक संघ के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा और भारतमाता के चित्र पर पुष्प अर्पण करके किया गया। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों ने अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएमएस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संभाग प्रभारी कमलेश पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय मज़दूर संघ के आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा हैं जिन्होंने सृष्टि की रचना की है। इसी प्रकार से मज़दूर भी समाज के निर्माण में अपनी अहम भूमिका रखता है। इसलिए आज का दिन श्रम की पूजा करने का दिन होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ऑटो चालक संघ के जिला अध्यक्ष राजसिंह बड़े ने कहा कि हमारा। मज़दूर दिवस भगवान विश्वकर्मा जयंती के दिन मनाया जाता है न कि किसी अन्य दिन। विदेशी विचारधारा से प्रेरित संगठनों के द्वारा एक मई को मज़दूर दिवस मनाया जाता है किंतु सृष्टि के रचियता भगवान विश्वकर्मा जयंती के दिन बीएमएस राष्ट्रीय श्रम दिवस मनाता है जो कि भारतीय संस्कृति के अनुरूप है। यही कारण है विश्वकर्मा जयंती को राष्ट्रीय श्रम दिवस घोषित करने के लिए भारतीय मज़दूर संघ वर्षों से भारत सरकार से माँग करता आया है और उम्मीद है कि सरकार इस पर शीघ्र मुहर लगाएगी। इस अवसर पर बीएमएस जिला मंत्री विनोद पटेल, सहमंत्री श्रीकांत, कोषाध्यक्ष संजू द्विवेदी, ऑटो चालक संघ अध्यक्ष राजसिंह बड़े, विजय पासी, राजू जायसवाल, विशाल जायसवाल, शाहबाज खान एवं अनेक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

जिला पंचायत अध्यक्ष सीईओ से की सौजन्य भेंट

नवभारत, कटनी। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता रमेश मेहरा ने बुधवार को जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत से सौजन्य भेंट की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने जिला सीईओ का पुष्पगुच्छ और शाल से स्वागत किया। इस दौरान मेहरा ने जिला पंचायत के सीईओ के साथ किए गए प्रशासकीय कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला पंचायत अध्यक्ष और जिला सीईओ ने सेवाकाल के दौरान लिए गए प्रशासकीय निर्णयों और आपसी सहयोग को साझा किया।

कटनी 311 मेयर सेवा एप्प व्यवस्था लागू होने से नागरिकों मिलेगा लाभ

नगर विकास के विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा उपरांत लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

▶ महापौर की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक आयोजित

नवभारत, कटनी। महापौर प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में आयोजित मेयर-इन-काउंसिल की बैठक में नगर विकास एवं नागरिकों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ,मेयर-इन-काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, जयनारायण निषाद, एडवोकेट सुरेंद्र गुप्ता, गोविंद चावला, बीना संजू बैनर्जी, सुमन राजू माखीजा, सहित नगर निगम के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।

बैठक में निकाय में कटनी 311 मेयर सेवा एप्प व्यवस्था लागू किये जाने की स्वीकृति सर्व सम्मति से दी गई। इस व्यवस्था के लागू होने से नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाईन आसानी से दर्ज करके शिकायत की वर्तमान स्थिति का पता लगा सकेंगें। इस एप्लीकेशन के माध्यम से नागरिकगण शहर विकास में सहभागिता निभानें के साथ ही अपनी राय प्रस्तुत कर सकेंगे। विभिन्न सेवाओं का उपयोग करने के लिए भी इस सेवा का उपयोग किया जा सकेगा। जबकि दूसरी ओर इस सेवा के माध्यम से नियमित निरीक्षण एवं रिपोर्टिंग की व्यवस्था सुदृण होगी। वही अधिकारियों को कार्यो को प्रबंधित करने और उनकी ट्रेकिंग में भी सुविधा होगी।

पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक : महापौर

नवभारत,कटनी। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती सूरी विगत दिवस सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों के साथ मिलकर अशोक और नीम के पौधों का रोपण किया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण में भाग लिया और लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य जयनारायण निषाद, पार्षद वंदना राजकिशोर यादव सहित शाला स्टॉफ, गणमान्यजन एवं छात्र छात्राओं की मौजूदगी रही। पौधारोपण कार्यक्रम में पहुंची महापौर श्रीमती सूरी ने छात्रों को पर्यावरण के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए।

एनएच-43 पर बड़ा हादसा

अज्ञात वाहन ने 9 गौवंशों को रौंदा, 6 की मौत

▶ बड़वारा थाना क्षेत्र का मामला, स्थानीय लोग बोले-प्रशासन लापरवाह

नवभारत, कटनी। बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर बुधवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। नैगवा गांव के पास सड़क पर बैठे 9 गौवंशों को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे में 6 गौवंशों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में चार गाय और दो बैल शामिल बताए जा रहे हैं।

घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मृत और घायल गौवंशों के मालिकों की जानकारी भी सामने नहीं आ सकी है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ह्प्रद्ध) को अवगत कराया। टीम मौके पर पहुंची और सड़क से मृत गौवंशों को हटाकर आवागमन सुचारू कराया।

हादसों का सिलसिला जारी

कटनी और विलायत कला के बीच बीते वर्ष 2024-25 में अब तक 100 से अधिक गौवंशों की मौत सड़क हादसों में हो चुकी है। इसी अवधि में करीब 50 मोटरसाइकिल सवार घायल हो चुके हैं। लगातार चेतावनी और आदेशों के बावजूद सड़क पर आवारा गौवंशों की मौजूदगी रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर पर ठोस पहल नहीं हो सकी है।

लोगों में आक्रोश

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और नगर निकायों की लापरवाही के कारण आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं। यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो किसी भी दिन बड़ा जनहानि वाला हादसा हो सकता है।

सतगुरु की कृपा से हम सभी को सद्मार्ग पर चलने की शक्ति और सेवा की सतत् प्रेरणा मिलती रहे -सांसद

नवभारत, कटनी। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में, खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा के नेतृत्व में चल रहे सेवा कार्यों के तहत सभी सदस्यों सहित आज हरे माधव दरबार साहिब पहुंचे और हरिराया सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब से कृपा आशीष प्राप्त की। साहिबान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए भारत माता एवं सनातन धर्म के सेवा में सदैव तत्पर रहने हेतु आशीर्वचन भी फरमाए।

संसद वी.डी. शर्मा ने 09-10 अक्टूबर को होने वाले हरे माधव वर्सी पर्व के समस्त प्रशासनिक कार्यों को सुचारू रूप से करवाने की जिम्मेदारी लेते हुए सतगुरु आशीर्वाद प्राप्त किया। सतगुरु दर्शन के दौरान कटनी भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, महापौर प्रीति सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, विकास प्राधिकरण अध्यक्ष पीतांबर टोपनानी सहित पार्षद गण एवं मातृ शक्ति की उपस्थिति रही।